सर्वाधिक रक्तदान के लिये देश में प्रथम स्थान पर रहा मध्य प्रदेश

चर्चा में क्यों?

1 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में मध्य प्रदेश को रक्तदान अमृत महोत्सव में में देश में पहले स्थान पर आने पर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश के स्वास्थ्य संचालक अनुराग चौधरी ने यह अवार्ड ग्रहण किया और बताया कि पूरे देश में 17 सितंबर से शुरू हुए रक्तदान अमृत महोत्सव में अंतिम दिन एक अक्टूबर तक आनुपातिक रूप से सर्वाधिक रक्तदान कर मध्य प्रदेश पूरे देश में प्रथम रहा।
- प्रदेश में पहले दिन 17 सितंबर को 31हज़ार 514 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर अमृत महोत्सव में एक नया कीर्तिमान बनाया था। पूरे अभियान अवधि में कुल 903 शिविर में 36 हज़ार 658 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।
- रक्तदान अमृत महोत्सव में विशेष रक्तदान महा-अभियान चला कर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान के पहले ही दिन प्रदेश के सभी ज़िलों में स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, रेडक्रॉस सोसाइटी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न ज़िलों में रक्तदान शिविर लगाए गए।
- प्रदेश में रक्तदान अमृत महोत्सव में सभी ज़िलों के ब्लड सेंटरों द्वारा ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये विशेष कार्यक्रम- कार्यशाला, रैली, नुक्कड़ नाटक और रक्तदान शिविर लगाए गए। इन शिविरों में ज़िलों के जन-प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संगठन और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।
- महा-अभियान में स्वैच्छिक रूप से रक्तदान के लिये इच्छुक नागरिकों का पंजीयन भी किया गया, जिससे उनके नज़दीक के किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होने पर पंजीकृत रक्तदाता से रक्त मिल सके।
- गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म-दिवस पर 17 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2022 तक पूरे देश में आयोजित रक्तदान अमृत महोत्सव में मध्य प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-ranked-first-in-the-country-for-maximum-blood-donation